NT>

**Title:** Need for construction of a bridge on river Ghaghra at Vidhar Ghat, U.P.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस बात की तरफ अवगत कराते हुए अनुरोध करता हूं कि मेरे लोक सभा का दक्षिणांचल पूर्व में गोरखपुर, आजमगढ़ व अम्बेडकर आदि जनपदों में मेन मार्ग को छूता है जो वाराणसी, जोनपुर से चल कर भगवान बुद्ध की नगरी लुम्बनी तक का सीधा पार्थिक मार्ग है। लेकिन बीच में घाघरा नदी के विडहर घाट पर पुल न होने से आम जनता को पूर्व में बडहलगंज या पश्चिम अयोघ्या जाने में सैंकड़ों किलो मीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है जिस पर पुल बनाने हेतु स्थानीय जनता ही नहीं अपितु मऊ आजमगढ़, अम्बेडकर नगर जनपद की जनता भी वर्ाों से मांग करती चली आ रही है। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भगवान बुद्ध के पाथिक मार्ग वाराणसी से लुम्बनी को सीधा जोड़ने हेतु जनहित में घाघरा नदी के विडहर घाट पर पुल निर्माण कराने का आदेश दिया जाए।